**UNIVERSITY OF ALLAHABAD**
इलाहाबाद विश्वविद्यालय
**Allahabad – 211 002, U. P. (INDIA)**
इलाहाबाद –211002,उ0प्र0;(भारत)

पत्रांक /ए0मै0 कार्य0/ 3717/2021 दिनांक– 22.02.2021

**सेंवा में,**
**निदेशक,**
**आई०सी०टी सेल,**
**इलाहाबाद विश्वविद्यालय**
**प्रयागराज ।**

महोदय जी,

कृपया निम्नलिखित निविदा सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड/प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

## नीलामी सूचना

दिनांकः 22.02.2021

विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों/केन्द्रो/संस्थानो में रखी निष्प्रयोज्य समानों को बन्द बोली के माध्यम से नीलाम किया जायेगा जिन खरीददारों को निष्प्रयोज्य समानों को नीलामी में क्रय करना है, वे निधारिंत प्रारुप पर अपनी बोली/ मोहरबन्द निविदायें दिनांक 22.02.2021 से दिनांक 08.03.2021 अपराह्न 3:00 बजे तक सम्पति कार्यालय में रखे टेण्डर बाक्स में डाल सकते है। जो दिनांक 09.03.2021 को अपराह्न 3:00 बजे सम्बंधित समिति के सामने खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.allduniv.ac.in पर भी उपलब्ध है।

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. कुलसचिव ।
2. मुख्य कुलानुशासक ।
3. परीक्षा नियंत्रक ।
4. वित्त अधिकारी ।
5. विश्वविद्यालय पी०आर०ओ को इस निवेदन के साथ प्रेषित कि सम्बन्धित निविदा सूचना को विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
6. सुरक्षा अधिकारी ।
7. कुलपति महोदया के सचिव को कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ ।
8. जिलाधिकारी कार्यालय प्रयागराज नोटिस बोर्ड ।
9. पी०एच०क्यू० नोटिस बोर्ड ।
10. लोक सेवा आयोग नोटिस बोर्ड ।
11. कर्मचारी चयन आयोग, प्रयागराज।
12. पी०डब्लू०डी नोटिस बोर्ड ।

सम्पदा प्रबन्धक

Estate Office
Allahabad University

E0/01/2021

# UNIVERSITY OF ALLAHABAD

Prayagraj – 211 002, U. P. (INDIA)

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय

प्रयागराज – 211002, उ0प्र0 (भारत)

## नीलामी सूचना

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के निम्नलिखित विभागों/संस्थानों/केन्द्रों में रखी हुई निष्प्रयोज्य सामानों को **"जहाँ है जैसे" के आधार पर (As is where is)** बन्द बोली के माध्यम से नीलाम किया जायेगा। जिन खरीदारों को उक्त सामाग्रियों को नीलामी में कय करना है वे निर्धारित प्रारूप पर अपनी बोली/मुहर बन्द निवदाएं दिनांक 22.02.2021से दिनांक 08.03.2021 आपह्मन 3 बजे तक सम्पत्ति कार्यालय में रखे टेण्डर बाक्स में डाल सकते है। जो कि दिनांक 09.03.2021 को आपह्मन 3 तक इस प्रयोजन हेतु गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क0सं0 | निष्प्रयोज्य सामानो को विवरण | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|
| 1. | समानो की संलग्न विभागवार सूची के अनुसार | रू0 50000.00 |

**नीलामी हेतु शर्ते एवं विवरण निम्नवत है:–**

1. निलामी समिति द्वारा निविदा हेतु न्यूनतम बोली रू0 **6,83,230/-** निर्धारित कि गई है।
2. नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति/संस्था दिनांक 22.02.2021 से दिनांक 08.03.2021 तक किसी भी कार्यदिवस में विश्वविद्यालय के निम्नलिखित विभागों/संस्थानों/केन्द्रो में जाकर निष्प्रयोज्य समानों निरक्षण कर सकता है।

| कम सं0 | विभाग विभागों/संस्थानों/केन्द्रों का नाम |
|---|---|
| 1 | Botany |
| 2 | CBCS |
| 3 | Statistics |
| 4 | IIDS |
| 5 | Home Science |
| 6 | Bioinformatics |
| 7 | Engineering Office |
| 8 | Material Science |
| 9 | Physics |
| 10 | Dean Arts |
| 11 | Urdu |
| 12 | Sarojini Naidu Women's hostel |
| 13 | Shatabdi women's hostel |
| 14 | Commerce/Moniriba |
| 15 | Hall of Residence |
| 16 | English |

3. यह नीलामी सूचना विश्वविद्यालय की वेब साइट (www.allduniv.ac.in) पर उपलब्ध है।
4. निविदादाता को धरोहर धनराशि रू0 50,000/–(पचास हजार रूपए मात्र) का बैंक ड्राफ्ट जो कि वित्त अधिकारी,इलाहाबाद विश्वविद्यालय,प्रयागराज के नाम देय हो निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है,अन्यथा की स्थिति में उसकी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

Estate Office
Allahabad University

5. यदि प्राप्त बोली/निविदाओं के राशि से निलामी समिति सन्तुष्ट नही है तो समिति को ये अधिकार होगा कि व एक या सभी निविदादाताओ को बुलाकर वार्ता कर सकती है एवं निविदा राशि में संशोधन अथवा निविदा राशि वृद्धि के लिए कह सकती है।इस सम्बन्ध में अन्य निविदादाताओं का कोई दावा मान्य नही होगा।
6. निविदादाता को निविदा के साथ आधार कार्ड/पेन कार्ड/जी0एस0टी0 की कापी जमा करना अनिवार्य होगा।
7. समिति के पास विभागवार न्यूनतम बोली राशि निश्चित करने का अधिकार होगा।
8. उच्चतम बोली दाता को अधिकतम बोली की धनराशि का 25 प्रतिशत धनराशि नीलामी समाप्त होने पर तुरन्त जमा करनी होगी अन्यथा बोली दाता द्वारा जमा की गई धरोहर धनराशि विश्वविद्यालय के पक्ष में जब्त कर ली जायेगी।
9. नीलामी की बोली नीलामी समिति द्वारा स्वीकृत होने के पश्चात् सूचना प्राप्त होते ही उच्चतम बोली दाता शेष धनराशि एवं नीलामी की कुल धनराशि पद देय जी0एस0टी0 एवं अन्य कर सहित कुल धनराशि 02 दिवस के अन्दर जमा करनी होगी,जिसे जमा न करने पर बोली दाता के पक्ष में स्वीकृत की गई नीलामी को निरस्त करते हुए उसकी जमा की गई धरोहर धनराशि विश्वविद्यालय के पक्ष में जब्त कर ली जायेगी।
10. नीलामी के स्थल में परिवर्तन माननीय कुलपति महोदय/अध्यक्ष नीलामी समिति के निर्देशानुसार किया जा सकता है,जिसकी सूचना दो दिवस पूर्व विश्वविद्यालय के नोटिस बोर्ड/वेबसाइट पर चस्पा कर दी जायेगी।
11. नीलामी प्रकिया मे अंतिम निर्णय नीलामी समिति का मान्य होगा। नीलामी की बोली सन्तोषजनक न होने की दशा में नीलामी प्रकिया पूर्णतः निरस्त करने का अधिकार समिति के पास है।
12. निष्प्रयोज्य सामग्रियों की बोली "जहाँ है जैसे के आधार पर" की जायेगी।
13. एक या समस्त बोली स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा,इसके लिए कोई समय सीमा बोली निर्धारित नही है ,इस सम्बन्ध में नीलामी बोली दाताओ का कोई दावा मान्य नही होगा।
14. बोली की धनराशि पर नियमानुसार जी0एस0टी0 की निर्धारित दर एवं अन्य कर यदि देय है,बोली की राशि के अतिरिक्त बोली दाता को विश्वविद्यालय में जमा करना होगा।
15. नीलामी के सम्बन्ध में यदि कोई विवाद होता है तो उसका आर्बीट्रेशन न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।
16. बोली स्वीकृत होने पर बोली दाता को बोली की सम्पूर्ण धनराशि देय सभी करों सहित जमा करने के उपरान्त एक सप्ताह के अन्दर निष्प्रयोज्य समानो को अपने खर्चे पर उठाना होगा अन्यथा विभाग द्वारा प्रतिदिन के हिसाब से विलम्ब शुल्क अलग से लगाया जा सकता है । निष्प्रयोज्य सामान प्राप्त करने से पूर्व बोली दाता द्वारा पहचान पत्र के रूप में पैन कार्ड/आधार कार्ड की मूल प्रति प्रेषित करनी होगी।

Estate Office
Allahabad University

17. उक्त तिथि पर किन्ही कारणो से नीलामी नही की जाती है तो किसी व्यक्ति/फर्म का किसी प्रकार का दावा मान्य नही होगा एवं सभी प्रकार के सम्पूर्ण अधिकार समिति के पास सुरक्षित होगा।

18. बोली स्वीकृत होने तक अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति द्वारा जमा की गई धनराशि पर किसी प्रकार का ब्याज अथवा अन्य कोई दावा मान्य नही होगा।

19. कोई भी व्यक्ति किसी दूसरे के स्थान पर बोली नही लगा सकता।

20. अधिकतम बोली लगाने वाले को बोली की धनराशि का अनुमोदन यदि सक्षम अधिकारी द्वारा नही दिया जाता है,तो नीलामी निरस्त कर दी जायेगी तथा धरोहर धनराशि एवं जमा 25 प्रतिशत धनराशि वापस कर दी जायेगी।इसके उपरान्त सामग्री प्राप्ति का विधिक दावा मान्य नही होगा।

**निविदा प्रपत्र निष्प्रयोज्य सामाग्रियों की नीलामी हेतु**

1.निविदा दाता के फर्म का नाम एवं पूरा पता : ..........................

2.दूरभाषा/मोबाइल नम्बर : ............................

3.फर्म का रजिस्ट्रेशन नम्बर : ........................

4.फर्म का जी0एस0टी नम्बर : ........................

5.पैन : ........................

6.संलग्न सुरक्षा धनराशि का विवरण : ........................

मुझे उक्त सभी शर्ते स्वीकार है एवं उक्त सभी शर्तो पर मैं निविदा में प्रतिभाग करने के लिए सहमत हूँ।

दिनांक ..................................

निविदादाता के हस्ताक्षर

**संलग्नक**

Estate Office
Allahabad University